कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर
भागलपुर 813 210
दूरभाष सं.: 0641 – 2451186
ई–मेल :bhagalpurkvk@gmail.com

## 20वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवाही।

दिनांक 01.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे डॉ॰ डी॰ आर॰ सिंह, माननीय कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में 20वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

उपस्थिति : – उपस्थिति पंजी में संधारण।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित डॉ॰ डी॰ आर॰ सिंह, माननीय कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, डॉ॰ आर॰ एन॰ सिंह, सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर के डॉ॰ एस॰एन॰ राय, सह अधिष्ठाता एवं प्राचार्य, डॉ॰ संजय कुमार, विवि॰ प्राध्यापक–सह–नोडल पदाधिकारी सी॰आर॰ए॰, डॉ॰ अंशुमन कोहली, विभागाध्यक्ष मृदा विज्ञान विभाग डॉ॰ राजेश कुमार, सहायक प्राध्यापक (पशु विज्ञान)–सह– जनसम्पर्क पदाधिकारी, डॉ॰ वाई॰के॰ सिंह, सहायक प्राध्यापक–सह–मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ॰ पवन कुमार, सहायक प्राध्यापक, डॉ॰ एच॰ मीर, सहायक प्राध्यापक, कृषि विभाग, भागलपुर के पदाधिकारी संयुक्त कृषि निदेशक, भागलपुर प्रमण्डल, श्री रमेश कुमार रमण, जिला कृषि पदाधिकारी–सह– परियोजना निदेशक आत्मा (प्रतिनिधि), श्री अभय कुमार मंडल, सहायक निदेशक उद्यान, श्री राज कुमार रजक, मत्स्य विकास पदाधिकारी, श्री कृष्ण कन्हैया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, श्री सुजीत कुमार पाल, सहायक निदेशक पौधा रोग, डॉ॰ लवलीना कुमारी, सहायक निदेशक कृषि ,अभियंत्रण, श्री सुनिर्मल जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, मनोनित सदस्य श्री सर्वेश कुमार, श्रीमती सरिता देवी, श्री नीरज साहु, श्रीमती सुनीता गोस्वामी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा किया गया एवं अध्यक्ष महोदय के अनुमति उपरान्त बैठक की कारवाई प्रारंभ की गई।

श्रीमती अनिता कुमारी, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 19वीं बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि हेतु समिति से अनुरोध की गई। जिसपर सर्वसम्मति द्वारा अनुमोदित किया गया। तत्पश्चात् पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुति के क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रगति प्रतिवेदन (अगस्त, 2022 से अगस्त, 2023) प्रस्तुत किया गया एवं केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा अपने–अपने कृषक खेत परीक्षण एवं अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण पर विस्तृत रूप से कार्य प्रगति संबंधी जानकारी दी गई। तत्क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा केन्द्र के प्रक्षेत्र की गतिविधियाँ, कृषक खेत पर परीक्षण, बीज उत्पादन कार्यक्रम, प्रत्यक्षण इकाई का विवरण एवं अन्य प्रसार

274

गतिविधियाँ पर उपलब्धी माननीय सदस्यों के सामने रखी। पुनः वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा केन्द्र की प्रस्तावित कार्यक्रम (सितम्बर, 2023 से मार्च 2024) पर प्रकाश डाला गया।

अध्यक्ष महोदय के निर्देश पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों/सदस्यों द्वारा विचार एवं सुझाव समिति सदस्यों के समक्ष रखा गया। इस क्रम में प्रगतिशील किसान श्री अमित कौशिक द्वारा बीज एवं खाद की उपलब्धता देर से होने की बात कही गई। जिसपर कुलपति ने जिला कृषि पदाधिकारी, भागलपुर को इस संबंध में संज्ञान लेने का अनुरोध किया। अध्यक्ष महोदय ने केन्द्र के प्रधान एवं वैज्ञानिकों को कृषि विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की सलाह दी, जिससे केन्द्र गतिविधियों एवं परियोजना के माध्यम से किसानों को अधिकाधिक लाभ पहुँचाने की बात कही एवं महिला उद्यमियों को स्वरोजगार परक प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़ने का आवाहन किया। साथ ही उन्होंने डी.डी.एम. नावार्ड, भागलपुर को नावार्ड द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर से प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण मुहैया कराने में त्वरित कारवाई करने का सुझाव दिया।

बैठक में अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों द्वारा निम्न मुख्य निर्देश/सुझाव प्राप्त हुए–

✓ अनुपालन प्रतिवेदन में कार्य का पूर्ण विवरणी समाहित किया जाय।

**अनुपालन – वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान/विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर**

✓ गृह विज्ञान द्वारा क्रियान्वित ऑन फार्म ट्रायल "तीसी के मूल्य संवर्धित उत्पाद का स्वीकार्यता का आकलन" को 02 (दो) तकनीकी विकल्प क्रमशः तीसी लड्डू एवं तीसी चिक्की के साथ क्रियान्वित किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ, गृह विज्ञान, कृ.वि.के., सबौर**

✓ वाहय/आंतरिक राज्य से आने वाले छात्र–छात्राओं (रावे) को सफल किसानों (सफलता की कहानी से जुड़े किसान) के यहाँ भ्रमण कराया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर**

✓ प्रत्येक मौसम (रबी, गरमा, जायद) की 2–3 किसानों के सफलता की कहानी तैयार किया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर**

✓ डॉ॰ अंशुमन कोहली, सहायक प्राध्यापक–सह–प्रभारी पदाधिकारी तकनीकी कोषांग, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को बी.ए.यू. हैप्पनिंग में प्रकाशन के लिए किसानों के सफलता की कहानी उपलब्ध कराया जाय।

**अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर**

✓ मौसम अनुकूल कृषि (CRA) परियोजना में विश्वविद्यालय विकसित प्रभेद का समावेश किया जाय एवं नए तकनीक में उसी प्रभेद के प्रभाव का आकलन किया जाय।

**अनुपालन – संबंधित विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के., सबौर**

✓ प्राकृतिक खेती (Natural Farming) परियोजना अन्तर्गत जिले के किसानों की देशी परम्परागत/ प्रभेदों का प्रत्यक्षण किया जाय।

अनुपालन – संबंधित विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के., सबौर

✓ आर्या परियोजना (ARYA Project) अन्तर्गत एक कार्यशाला आयोजित किया जाय।

अनुपालन – प्रभारी आर्या परियोजना, कृ.वि.के., सबौर

✓ कृषक खेत पर परीक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण, संकुल अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण, परियोजना कार्य अन्तर्गत मृदा जाँच अनिवार्य रूप से किया जाय।

अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर

✓ वर्ष के अन्त में कार्यक्रमों (प्रशिक्षण एवं अन्य) के प्रभाव का सफलता की कहानी का प्रदर्शन किया जाय।

अनुपालन – सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के., सबौर

✓ वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक से पूर्व प्री–वैज्ञानिक सलाहकार समिति बैठक आयोजित कर संबंधित पदाधिकारी, वैज्ञानिक एवं सदस्यों को बैठक की एजेंडा से अवगत कराया जाय।

अनुपालन – वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान/विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के., सबौर

✓ प्रत्येक प्रशिक्षण में नये–नये किसानों को जोड़ा जाय।

अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), कृ.वि.के., सबौर

✓ मसाला की खेती विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाय।

अनुपालन – संबंधित विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के., सबौर

✓ पैकेंजिग, ब्रॉडिंग, मार्केटिंग विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाय एवं प्रशिक्षण में उद्योग विभाग के पदाधिकारी को आमंत्रित कर सहभागित सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन – संबंधित विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृ.वि.के., सबौर

✓ जिला उद्यान पदाधिकारी, भागलपुर के समन्वय से "बगीचा प्रबंधन" में नवीनतम तकनीकी का एक प्रत्यक्षण मॉडल विकसित किया जाय।

अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), कृ.वि.के., सबौर

✓ जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, भागलपुर से समन्वय स्थापित कर एक पुष्प उत्पादक जीविका समूह बनाया जाय।

अनुपालन– जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, भागलपुर/वि. व. वि. (उद्यान), कृ.वि.के., सबौर

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कारवाई समाप्त की गई।

ह0/–
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृ.वि.के., सबौर

दिनांक : **01 /09 / 2023**

ज्ञापांक: V/01(xiii)/SAC/2023–24/**265**

प्रतिलिपि– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2023–24/**265** दिनांक : **01 /09 / 2023**

प्रतिलिपि– श्री सर्वेश कुमार, सोनवर्षा, बिहपुर/श्रीमती सरिता देवी, मालपुर, गोपालपुर/श्री नीरज साहु, साहुपरवता, नवगछिया/श्रीमती सुनीता गोस्वामी, संजादपुर, नाथनगर, भागलुपर, सदस्य वैज्ञानिक सलाहकार समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2023–24/**2657** दिनांक : **01 /09 / 2022**

प्रतिलिपि– फार्म रेडियो पदाधिकारी, ए॰आर॰आई॰, भागलपुर/जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका/डी॰डी॰एम॰ नावार्ड/एल॰डी॰एम॰, यूको बैंक/जिला गव्य विकास पदाधिकारी/जिला सहकारिता पदाधिकारी/सह निदेशक पौधा संरक्षण पदाधिकारी/सह निदेशक (सस्य) भूमि संरक्षण पदाधिकारी/जिला मत्स्य पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/सह निदेशक उद्यान पदाधिकारी/प्रमण्डलीय वन पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा/संयुक्त कृषि निदेशक, भागलपुर प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

दिनांक : **01 /09 / 2023**

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2023–24/**265**

प्रतिलिपि– विभागाध्यक्ष, उद्यान विभाग (फल)/विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान विभाग/सहायक प्राध्यापक–सह–जनसम्पर्क पदाधिकारी/विश्वविद्यालय प्राध्यापक (शस्य विभाग)–सह–नोडल पदाधिकारी, मौसम अनुकूल कृषि योजना/विश्वविद्यालय प्राध्यापक (उद्यान शाक एवं पुष्प)–सह–सह निदेशक शोध को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

दिनांक : **01 /09 / 2023**

ज्ञापांकः V/01(xiii)/SAC/2023–24/**265**

प्रतिलिपि– सह अधिष्ठात एवं प्राचार्य, बि॰कृ॰महावि॰, सबौर/सह निदेशक प्रसार शिक्षा/निदेशक शोध/निदेशक शोध/निदेशक प्रसार शिक्षा, बि॰कृ॰विवि॰, सबौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान